PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Hindustan, Delhi
Wed, 24 May 2017, Page 14
Width: 25.11 cms, Height: 24.94 cms, a3r, Ref: 33.2017-05-24.101

आईटी के क्षेत्र में 30 लाख रोजगार बढ़ेंगे : रविशंकर

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने आईटी क्षेत्र में नौकरियां घटने के दावों को खारिज करते हुए कहा कि 2025 तक आईटी क्षेत्र में 30 लाख नए रोजगार पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि नैस्काम ने यह आकलन तैयार किया है।

सरकार के 3 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में प्रसाद ने कहा कि पिछले तीन सालों के दौरान आईटी क्षेत्र में छह लाख नए रोजगार सृजित हुए हैं। पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान ही 1.7 लाख नए रोजगार पैदा हुए थे। उन्होंने कहा कि करीब 39 लाख लोग आईटी सेक्टर में कार्य कर रहे हैं।

छंटनी से नहीं घटी नौकरियां : मंत्री ने कहा कि आईटी क्षेत्र में पिछले दिनों हुई छंटनी निजी संस्थानों में होने वाली नियमित छंटनी का हिस्सा थी। इससे रोजगार घटने से कोई ताल्लुक नहीं है।

नई दिल्ली में पत्रकारों को जानकारी देते केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद। ● प्रेट्र

डिजिटल अर्थव्यवस्था में तेजी

प्रसाद ने कहा डिजिटल अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। डिजिटल इंडिया अभियान की अहम भूमिका है। 6-7 साल में देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था का आकार एक खरब डॉलर को पार कर जाएगा। डिजिटल अभियान को बढ़ाने के लिए डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन की भी स्थापना की जाएगी।

साफ्टवेयर खरीद नीति

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार जल्दी ही एक सॉफ्टवेयर खरीद नीति तैयार करेगी। इसके तहत सरकारी विभागों में सॉफ्टवेयर और इससे जुड़े उपकरणों की खरीद के लिए एक समान प्रक्रिया बनाई जाएगी।

प्रसाद ने कहा कि अक्टूबर 2016 से लेकर मार्च 2017 के बीच आईटी क्षेत्र में पिछले वर्ष की इसी छमाही की तुलना में चार फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। आने वाले समय में यह बढोतरी नौ फीसदी तक पहुंचने का अनुमान है। प्रसाद ने नैस्काम की रिपोर्ट के हवाले से कहा कि 2016 में टेक्नोलॉजी स्टार्टअप में करीब एक लाख आईटी पेशेवरों को रोजगार मिला है।